DQ95ZD

# 2

# अलग–अलग पर हम सब एक जैसे

हम सभी के हाथ, पैर, मुँह, नाक आदि अंग होते हैं फिर भी हम एक–दूसरे से अलग दिखते हैं। हम एक–दूसरे को देखते ही पहचान लेते हैं। एक जैसे होते हुए भी हम एक–दूसरे से अलग कैसे हैं? आओ पता करें –

अपने दायें हाथ की हथेली को नीचे बनी खाली जगह में रखो और हथेली का चित्र बनाओ।

| दायीं हथेली |
|---|
| |

अपनी हथेली के चित्र को अपने साथी की हथेली के चित्र से मिलाकर पता करो –

1. क्या दोनों की हथेली समान हैं?
   ———————————
2. किसकी हथेली बड़ी है?
   ———————————
3. किसके हाथों की उंगलियाँ छोटी हैं ?
   ———————————
4. अपने दोनों हाथों की हथेलियों की रेखाएँ देखो, क्या ये रेखाएँ एक सी हैं ?
   ———————————

अब चॉक की सहायता से जमीन पर अपने दायें पैर के पंजे का चित्र बनाओ। इस कार्य में आप अपने साथी की मदद ले सकते हो। उसी चित्र पर अपने साथी के दायें पैर के पंजे का चित्र भी बनाओ और देखो –

क्या दोनों के पंजे बराबर हैं? ———————————

किसका पंजा लम्बा है? ———————————

अपने दो साथियों के चेहरों को ध्यान से देखो –

क्या दोनों के चेहरे एक जैसे हैं?

———————————

कक्षा के बाकी बच्चों के चेहरों को भी देखो –

किन–किन बच्चों के चेहरे गोल हैं?

———————————

किन बच्चों के चेहरे लम्बे हैं?

———————————

अपनी कक्षा के सबसे लम्बे एवं सबसे छोटे बच्चे का नाम लिखो –

किसका कद लम्बा है?

———————————

किसका कद छोटा है?

———————————

हम सभी के शरीर के अंग एक जैसे होते हुए भी आकार व बनावट आदि में अलग–अलग होते हैं।

हम सभी में कुछ खास बातें होती हैं जिनकी मदद से हम एक–दूसरे को पहचानते हैं। तुम्हारे दोस्तों में भी कुछ खास बातें होंगी जिनकी मदद से तुम उन्हें पहचानते होगे। यहां नीचे अपने 3 दोस्तों की खास–खास बातें लिखो।

दोस्तों के नाम लिखो

1. ——————— 2. ——————— 3. ———————

**पहला दोस्त** ————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

**दूसरा दोस्त** ————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

**तीसरा दोस्त** ————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1. तुम्हारे दोनों हाथों को मिलाकर कितनी उंगलियां और अंगूठे हैं?
2. तुम्हारी कक्षा के गोल चेहरे व लम्बे चेहरे वाले दो–दो छात्रों या छात्राओं के नाम बताओ।

### लिखित

1. तुम्हारी कक्षा के तुमसे लम्बे कद वाले चार लड़कों या लड़कियों के नाम लिखो।
2. अपने से छोटे कद वाले चार दोस्तों के नाम बताओ।
3. तुम्हारी कक्षा में तुम्हारे कद के लड़के–लड़कियों को ढूंढो और उनमें तुम्हें क्या अंतर दिखाई देता है।
   (रंग, मोटा–पतला, आवाज, बाल, लड़का, लड़की)

## खोजो आस–पास

### ध्यान से देखो और बताओ

यहाँ पर दो चित्र एक जैसे बने हुए हैं लेकिन दोनों चित्र में कुछ अंतर है, क्या तुम उन अंतरों को ढूंढ सकते हो। ढूंढकर बताओ।



DQG12X

